2022.11.11 08:34

दैनिक भास्कर
अमृतसर भास्कर 21-12-2022

करिअर काउंसिलिंग में मानव स्कूल ने की शिरकत

अमृतसर| मानव पब्लिक स्कूल के बच्चों ने डिस्ट्रिक्ट ब्यूरो ऑफ इंप्लाइमेंट एंड इंटरप्राइजिज द्वारा आयोजित करिअर काउंसिलिंग सेमिनार में हिस्सा लिया। सेमिनार के दौरान लवली प्रोफेशनल यूनिवरसिटी के हेड ऑफ काउंसिलिंग डिपार्टमेंट के वरुण नय्यर ने बच्चों को गाइड किया कि कक्षा बारहवीं के बाद उनको कौन-कौन से विषय चुनने चाहिए जो आगे चलकर बच्चों को उनका करिअर तय करने में उनकी मदद कर सकें। सेमिनार में डिप्टी डायरेक्टर विक्रमजीत द्वारा बच्चों को सूचित किया गया कि उन्हें सरकार द्वारा आयोजित किए गए एग्जाम में अवश्य भाग लेना चाहिए।